भोपाल में देश के पहले ग्रामीण जनजातीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

13 मई, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनजातीय युवाओं के लिये 'संसदीय संकुल परियोजना' के तहत भोपाल में देश के पहले ग्रामीण जनजातीय तकनीकी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- 'संसदीय संकुल परियोजना' में ग्रामीण जनजातीय युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रयोग के तौर पर सर्वप्रथम मध्य प्रदेश में शुरू किया गया है।
- इसके तहत युवाओं को दो माह की अवधि के प्रशिक्षण से स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने और अन्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।
- प्रथम चरण में 'प्रायोगिक परियोजना' के रूप में भारत के 6 राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र और ओडिशा से चयनित 17 ज़िलों के 17 समूहों के लगभग 250 लाभार्थी शामिल होंगे।
- गौरतलब है कि जनजातीय क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर बढ़ाने पर चर्चा करने हेतु 40 सांसदों का दो दिवसीय सम्मेलन मुंबई में आयोजित किया गया था, जहाँ भारत के विभिन्न विशेषज्ञों एवं सरकारी संगठनों द्वारा साझा किये अनुभवों के आधार पर 'संसदीय अनुसूचित जनजातीय क्लस्टर विकास परियोजना' का विचार प्रस्तुत किया गया।
- इस योजना के कार्यान्वयन हेतु लोकसभा और राज्यसभा के 40 जनजातीय सांसदों द्वारा भारत के 15 राज्यों से 49 समूहों का चयन किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/country-first-rural-tribal-technical-training-programme-launched-in-bhopal